भ्रष्टाचार | जेल में बंद तत्कालीन प्रबंधक , जेएसआर एजेंसी प्रोपराईटर की मिलीभगत से शासन को लगी चपत

# 42 लाख का खाद्यान्न घोटाला, ईओडब्ल्यू ने दर्ज की एफआईआर



**जबलपुर।** ईओडब्ल्यू जबलपुर ने 42 लाख के खाद्यान्न घोटाले में मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन जबलपुर तत्कालीन जिला प्रबंधक समेत जे. एस. आर. एजेंसी के प्रोपराईटर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। घपलेबाज तत्कालीन जिला प्रबंधक ने एक प्रोपराईटर के साथ मिलीभगत करते हुए कछपुरा रैक प्वाइंट के नजदीक स्थित गोदामों के खाद्यान्न का परिवहन दूर स्थित गोसलपुर रैक प्वाइंट से कराया जाकर अधिक भुगतान कराते हुए शासन को 42,07,638 रूपये की चपत लगाई है। विदित हो कि मुख्य आरोपी धान खरीदी, परिवहन और मिलिंग में फर्जीवड़ा कर करोड़ों की घपलेबाजी में पहले से ही जेल बंद है। ईओडब्ल्यू से मिली जानकारी के मुताबिक दिलीप किरार 62 वर्ष निवासी सराफा खटीक मोहल्ला कोतवाली का 25 सितम्बर 24 से 27 फरवरी 25 की अवधि में मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन जबलपुर में जिला प्रबंधक के पद पर पदस्थ था। जे. एस. आर. एजेंसी कटनी के द्वारा मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन भोपाल द्वारा जारी ऑनलाईन निविदा में भाग लिया था। उसे जबलपुर जिले के अंतर्गत आने वाले रैक प्वाइंट गोसलपुर एवं कछपुरा से स्वीकृत लीड अंतर्गत हम्माली सहित लम्बी दूरी परिवहन पश्चात् गोदाम स्तर पर अनलोडिंग व तौलकर स्टेकिंग कार्य के लिए वर्ष 2023-25 का ठेका प्राप्त हुआ था इसके तहत परिवहनकर्ता मेसर्स जे. एस. आर. एजेंसी कटनी के प्रोपराईटर शैलैष तिवारी उर्फ कन्हैया तिवारी पिता हनुमान प्रसाद तिवारी, निवासी सिविल लाईन कटनी के द्वारा 25 सितम्बर 2024 को मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन जबलपुर के साथ एसओआर से 134 प्रतिशत अधिक स्वीकृत दर पर गोसलपुर रैक प्वाइंट के लिए अनुबंध किया गया था। उसी प्रकार परिवहनकर्ता मेसर्स जे.एस. आर. एजेंसी कटनी के प्रोपराईटर शैलैष तिवारी पिता हनुमान प्रसाद तिवारी, निवासी सिविल लाईन कटनी के द्वारा 10 दिसम्बर 2024 को मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन जबलपुर के साथ एसओआर से 123 प्रतिशत अधिक स्वीकृत दर पर कछपुरा रैक प्वाइंट के लिए अनुबंध किया गया था। 9 परिवहन आदेशों के माध्यम से गोदामों से खाद्यान्न गोसलपुर रैक प्वाइंट भेजकर परिवहन कराया गया था, वे सभी गोदाम कछपुरा रैक प्वाइंट के नजदीक स्थित है एवं इनका परिवहन कछपुरा रैक प्वाइंट से कराया जाना चाहिए था। जांच में भुगतान की राशि अधिक होने का दूसरा मुख्य कारण यह पाया गया कि जितनी मात्रा एवं दूरी से खाद्यान्न परिवहन किया गया है उसकी कुल राशि पर अनुबंध अनुसार गोसलपुर रैक प्वाइंट के लिए एसओआर से 134 प्रतिशत अधिक दर प्राप्त होती है जबकि कछपुरा रैक प्वाइंट के लिए एसओआर से 123 प्रतिशत अधिक दर ही प्राप्त होती है। जांच में पाया गया कि घपलेबाज दिलीप किरार ने पद का दुरूपयोग करते हुए परिवहनकर्ता जे. एस. आर. एजेंसी कटनी के प्रोपराईटर शैलैष तिवारी उर्फ कन्हैया तिवारी के साथ मिलीभगत कर कछपुरा रैक प्वाइंट के नजदीक स्थित गोदामों के खाद्यान्न का परिवहन दूर स्थित गोसलपुर रैक प्वाइंट से कराया जाकर अधिक भुगतान करते हुए शासन को 42,07,638 रूपये की क्षति कारित की है।

### 30 करोड़ा के धान घोटाले में हो चुका है गिरफ्तार

विदित हो कि धान की खरीदी, परिवहन और मिलिंग में फर्जीवड़ा कर हुए 30 करोड़ के धान घोटाले में मास्टरमांइड दिलीप किरार को पूर्व में पाटन पुलिस छत्तरपुर से गिरफ्तार कर चुकी है जिसे जेल भेजा जा चुका है। धान की खरीदी, परिवहन और मिलिंग में 30 करोड का घोटाला सामने आने के बाद फर्जीवाड़े में शामिल 74 लोगों के खिलाफ जिले के 12 थानों में एफआईआर दर्ज की गई है। इस फर्जीवाड़े में मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाइज कारपोरेशन के प्रभारी जिला प्रबंधक सहित 13 कर्मचारी, 17 राइस मिलर संचालक, 25 सोसाइटी, उपार्जन केंद्र के 44 कर्मचारी कुल 74 व्यक्तियों के खिलाफ 12 आपराधिक प्रकरण पाटन, कुण्डम, सिहोरा, मझगवॉ, मझोली, कटंगी, गोसलपुर, भेडाघाट, पनागर, बेलखेड़ा, बरेला, गोराबाजार थाने में दर्ज किए गए थे।

# उप्र से पहुंचे परिजन, लगाया हत्या का आरोप

▸ ट्रिपल आईटी बिल्डिंग से गिरकर छात्र की मौत का मामला



दोपहर 1 बजे डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

**जबलपुर।** खमरिया थाना अंतर्गत ट्रिपल आईटी की बिल्डिंग से मंगलवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिरे छात्र की मौत के मामले में उप्र से जबलपुर पहुंचे परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया हैं उनका कहना है कि पुलिस इसे हादसा बता रही है लेकिन छात्र को मारकर फेंका गया। उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं पीएम के बाद परिजन शव को अपने साथ ले गए। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की छानबीन कर रही है। विदित हो कि उत्कर्ष तिवारी पिता चन्द्र कुमार तिवारी 19 वर्ष निवासी बरपुर बलवरगंज जैनपुर उत्तर प्रदेश का ट्रिपल आईटी में डीएम का छात्र था। मंगलवार दोपहर 12.30 बजे वह अचानक बिल्डिंग से गिर गया था और हादसे में उसे सिर, हाथ, पैर में गंभीर चोटें आई थी। जिसे एम्बुलेंस से घायल छात्र को तत्काल उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गया गया जहां दोपहर 1 बजे डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

### पढ़ाई में था होशियार, सुसाइड नहीं, मारकर फेंका गया : विनोद



मृतक के परिजन विनोद कुमार तिवारी ने आरोप लगाया है कि उत्कर्ष दीपावली में घर आने वाला था। पढ़ाई में होशियार था। घटना को सुसाइड बताया जा रहा है लकिन मैं कह रहा हूं उसे मारकर फेंका गया है। उसकी पीठ में चोट लगी है अगर सुसाइड करता तो दूर नहीं नजदीक गिरता उसका मोबाइल भी गायब है।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

खमरिया थाना प्रभारी सरोजनी टोप्पो ने बताया कि मामले की जांच चल रही है पीएम के बाद परिजन शव को लेकर चले गए है। बयान दर्ज किए जा रह है मामले की विस्तृत जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है। इसके कारण का भी पता लगाया जा रहा है।

# अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर, चालक की मौत

सूखा में हुआ हादसा

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत सूखा के पास बुधवार को टैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक अंशुल अग्रवाल 42 वर्ष निवासी वार्ड न. 15 पाटन ने सूचना दी कि उसने अपनी खेती किसानी के लिये अपने दोस्त बृजेश निवासी उडना का एक महेन्द्रा कम्पनी का टैक्टर एमपी 20 ए बी 4099 का उपयोग वह खेती किसानी में करता है। बुधवार को उसका ड्राईवर भैयाजी ठाकुर उक्त टैक्टर को किसानी के काम से खेत लेकर जा रहा था, वह अपनी कार से पीछे चल रहा था, दोपहर 1-30 बजे सूखा गॉव के पहले पहुंचे जहॉ भैयाजी से टैक्टर अचानक पलट गया, तथा भैयाजी ठाकुर स्टेरिंग सीट से गिर गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस टैक्टर चालक भैयाजी ठाकुर 50 वर्ष निवासी भमक पडरिया का बेहोशी की हालत में मिला, जिसे मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे जिसे डाक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया।

## गधेरी में गिरी आकाशीय बिजली, बुजुर्ग झुलसा, मौत

**जबलपुर।** बीती रात बदरा गरज-चमक के साथ बरसे। इस बीच खमरिया थाना अंतर्गत गधेरी में आकाशीय बिजली गिरने से एक बुजुर्ग चपेट में आ गया और झुलसने से उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक संतोष यादव 40 वर्ष निवासी गधेरी ने सूचना दी कि उसका साला संजू यादव ने फोन पर बताया कि मड़ैया (खेत में बनी) पर आकाशीय बिजली गिरने से आग लग गयी है जिससे पापा रामदास यादव 60 वर्ष निवासी महगवां चंडी टोला जल गए और उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

दशहरा मुख्य चल समारोह में यातायात व्यवस्था चाक चौबंद

# जुलूस मार्ग में किसी भी वाहन को नहीं मिलेगा प्रवेश

**नवभारत, जबलपुर।** दशहरा मुख्य चल समारोह के दौरान सुगम यातायात, डायवर्सन, पार्किंग एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा यातायात व्यवस्था की गई है। जिसमें जुलूस मार्ग पर चल समारोह के दौरान सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही जुलूस मार्ग के दोनों ओर के चौराहों- तिराहों से वाहनों का डायवर्ट किया जाएगा।

### मुख्य चल समारोह मार्ग

मुख्य चल समारोह कार्पोरेशन चौक (तीन पत्ती चौक), मढ़ाताल तिराहा, मालवीय चौक, सुपर बाजार, लार्डगंज थाना तिराहा, घमण्डी चौक, बड़ा फुहारा, कमानिया गेट, सराफा चौक, थाना कोतवाली, राजा रसगुल्ला, मिलौनीगंज, घोड़ा नक्काश होते हुए हनुमानताल तालाब विसर्जन स्थल तक रहेगा।

### इन डायवर्सन प्वाइंट से नहीं मिलेगा प्रवेश

चल समारोह के दौरान छोटी लाईन फाटक, ब्लूम चौक, सेंट नावर्ट तिराहा, पुराना बस स्टैंड तिराहा, भाटिया टायर, एमपीएसआरटी क्रासिंग, रज्जू मिस्त्री क्रासिंग, जनता चौक, नौदरा, प्रभुवंदना टॉकीज, दुबे लॉज क्रासिंग, मयूर लॉज क्रासिंग, डॉ. जामदार तिराहा, श्रीनाथ की तलैया, दत्त मंदिर, कछियाना चौक, नार्मल स्कूल क्रासिंग, तुलाराम चौक, शंकर घी भंडार, पुराना फूलमंडी, मछरहाई क्रासिंग, बड़े महावीरजी, भार्गव चौक, विजय कटपीस, जैन मंदिर, खटीक मोहल्ला, दीक्षितपुरा कन्या शाला, फूटाताल क्रासिंग, तमरहाई अन्दर क्रासिंग, गुड़हाई अन्दर क्रासिंग, छोटा फुहारा, दमोहनाका, मछली मार्केट, गोहलपुर तिराहा, बखरी तिराहा, दीनानाथ क्रासिंग, दुर्गा चौक, बकरा मार्केट एवं भानतलैया इस सभी डायवर्सन प्वाईटों से किसी भी प्रकार के वाहन चल समारोह दौरान जुलूस के मुख्य मार्ग पर प्रवेश नहीं कर पायेंगे।

### इन मार्गों का राहगीर कर सकते हैं प्रयोग

ब्लूम चौक से तीन पत्ती की ओर चल समारोह प्रारम्भ होने के बाद सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। ऐसे वाहन जबलपुर हॉस्पिटल से रसल चौक होते हुये स्टेशन की ओर अथवा आदित्य हॉस्पिटल-मानस भवन-रानीताल-लेबर चौक होकर दीनदयाल की ओर जा सकेगें। छोटी लाईन फाटक से आने वाले भारी, मध्यम वाहन ब्लूम चौक की ओर न जाकर बंदरिया क्रासिंग, कपूर क्रासिंग, मेडिकल की ओर डायवर्ट किए जाएंगे। हाईकोर्ट/कलेक्ट्रेट कार्यालय से गढ़ा, मदनमहल की ओर जाने वाला ट्रैफिक पुल नम्बर 4 एवं गोरखपुर होकर जा सकेगा। इसी प्रकार गोरखपुर से आधारताल जाने वाला ट्रैफिक छोटी लाइन फाटक, दशमेश द्वार, मदनमहल अंडरब्रिज, रानीताल चौक, लेबर चौक होकर जा सकेगा।

# नशे में चूर होकर श्रद्धालुओं को कुचलने वाले बस चालक पर एफआईआर दर्ज

गौरी तिराहा में हुए एक्सीडेंट का मामला





**जबलपुर।** सिहोरा थाना अंतर्गत गौरी तिराहा में मंगलवार रात्रि शराब के नशे में चूर होकर श्रद्धालुओं और सुरक्षा में तैनात पुलिस जवान को कुचलने वाले बस चालक के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। हादसे में 14 लोग घायल हुए है जिनमें से चार की हालत नाजुक बताई जा रही है। बस चालक भी घायल है जिसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के मुताबिक सोनू गाडरी 20 वर्ष निवासी राजस्थान वर्तमान रमेश तिवारी का मकान खितोला मोड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके चाचा सोहन लाल गाडरी 40 वर्ष खितोला मोड़ का आईस्क्रीम का चलित छोटा हाथी वाहन क्रमांक आरजे 06 जीई 1716 में गोरी तिराहा सिहोरा में लगाते हैं। बीती रात लगभग 9-30 बजे वह अपने चाचा सोहन लाल के साथ आईस्क्रीम ठेला के पास खड़ा था तभी बस क्रमांक एमपी 49 पी 0261 का चालक खतरनाक तरीके से वाहन को लापवाही पूर्वक चलाते आया इस दौरान नवरात्रि कौ लोग झांकी देखने के लिये सड़कों में चल रहे थे। काफी भीड़ थी। जिन्हें बस चालक ने टक्कर मार दी। 14 लोगों को चोटें आ गई। आइस्क्रीम के चलित छोटा हाथी वाहन में भी टक्कर मार दिया जिससे छोटा हाथी वाहन टूट गया चाचा सोहन लाल के सिर एवं चेहरे में गम्भीर चोट आयी पुलिस वाले को भी चोट आयी सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया था। हादसे में ममता कोल पति सपन कुमार कोल 50 वर्ष निवासी खितौला बाजार थाना खितौला, कोदू लाल बर्मन पिता जगदम्बा प्रसाद बर्मन 40 वर्ष ग्राम दर्शनी कालोनी थाना सिहोरा , संध्या चौधरी पति कैलाश चौधरी 42 वर्ष निवासी ग्राम उमरिया पठरा थाना पनागर, शिखा चौधरी पिता कैलाश चौधरी 22 साल निवासी ग्राम उमरिया पठरा थाना पनागर, कैलाश चौधरी पिता राममिलन चौधरी 45 वर्ष निवासी ग्राम उमरिया पठरा थाना पनागर, मनीष दाहिया पिता अशोक दाहिया 46 वर्ष, निवासी वार्ड क्र 10 गौरैया मोहल्ला सिहोरा थाना सिहोरा, हिंदसागर कुचबंधिया पिता कल्लू कुचबंधिया 35 वर्ष निवासी वार्ड क्र 01 मनसकरा थाना सिहोरा समेत अन्य चोटें थी। जबकि रोली सोनी पति मनोज कुमार सोनी 25 साल निवासी ग्राम फनवानी थाना मझगंवा, खुशबू वंशकार पिता राजेंद्र वंशकार 17 वर्ष निवासी वार्ड क्र 03 कंकाली मोहल्ला सिहोरा थाना सिहोरा वंदना बर्मन पति कोदूलाल बर्मन 35 वर्ष, निवासी ग्राम दर्शनी कालोनी थाना सिहोरा, सोहन लाल यादव पिता केशरी यादव 40 वर्ष निवासी सिहोरा थाना सिहोरा, सिपाहीलाल विश्वकर्मा निवासी रायसिमरिया थाना सिहोरा, एक अज्ञात महिला को जबलपुर रेफर कर दिया गया था जिनमें से चार की हालत अब भी नाजुक बताई जा रही है। बस क्रमांक एमपी 49 पी 0261 के चालक खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है साथ बस जब्त कर ली गई है। बस चालक प्रदीप मिश्रा भी घायल है जिसे भी उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कलेक्टर ने घायलों का जाना हालचाल



सिहोरा में हुई बस दुर्घटना में घायल हुए लोगों का हालचाल जानने के लिए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह मेडिकल सुपर स्पेशलिटी पहुंचे। उन्होंने घायलों के इलाज कर रहे डॉक्टर से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और घायलों के परिजनों से बात कर उन्हें पीड़ितों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि घायलों का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है और उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने डॉक्टरों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

## पानी की हौदी में था तीन फीट लंबा सांप

**जबलपुर।** मदन महल थानांतर्गत गेट नंबर चार के पास सांई मंदिर के पीछे रहने वाले संजू पचौरी के घर में बनी पानी एकत्रित करने वाली सीमेंट की हौदी में दो दिन से एक तीन फीट लंबा सांप परेशानी का सबब बना हुआ था। दोपहर डेढ़ बजे पचौरी की सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर देवताल तालाब में छोड़ दिया।

## नवविवाहिता ने खाया जहर, मौत

**जबलपुर।** खमरिया थाना अंतर्गत सुंदरपुर में नवविवाहिता ने जहरीली वस्तु का सेवन कर आत्महत्या कर ली। मृतिका ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक श्रीमति प्रीति चौधरी 24 वर्ष निवासी ग्राम सुंदरपुर खमरिया ने घर में जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे इलाज के लिए पति संदीप कुमार द्वारा निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था दौरान उपचार के बुधवार सुबह लगभग 8-20 बजे श्रीमति प्रीति चौधरी की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मृतिका ने आत्महत्या किन कारणों से की है इसका पता नहीं चल सका है जांच चल रही है जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।
























स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57